प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 12.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- थाना छजलैट पुलिस द्वारा 01 वारंटी गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 12.10.2024 को थाना छजलैट पुलिस द्वारा वारण्टी हरज्ञान सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी ग्राम सदरपुर मतलबपुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मु0न0-5987/2018 धारा-406/323/504/506 भादवि को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1-उ0 नि0 अनगपाल सिंह

2-का0 नितीश

3-का0 हैप्पी

2- मारपीट कर जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार थाना भगतपुर-

अवगत कराना है कि दिनांक 05.10.2024 को वादी शिवम चौधरी पुत्र समरपाल सिह नि0 ग्राम महेशपुर खेम थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी के पिता के साथ गाली गलौज व मारपीट करना, डण्डे से वादी के पिता के सिर पर जान से मारने की नियत से वार घायल कर देने के सम्बन्ध मे थाना भगतपुर पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-255/2024 धारा-191(2)/191(3)/115(2)/352/351(3)/109 BNS पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 11.10.2024 की रात्रि में व0उ0नि0 रुणित तोमर द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त अमरपाल पुत्र करन सिहं निवासी ग्राम महेशपुर खेम थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक डण्डा बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

अमरपाल पुत्र करन सिहं निवासी ग्राम महेशपुर खेम थाना भगतपुर जनपद मुरादाबादु

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1-व0उ0नि0 रुणित तोमर

2-उ0नि0 मदनपाल राणा

3-हे0कां0 अनीस अहमद

3-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 03 आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 12.10.2024 को थाना सोनकपुर पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे अभियुक्त शिवकुमार पुत्र मल्हारे ग्राम जिगनिया थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद व थाना भगतपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त 1-नईम पुत्र कलवे हसन निवासी ग्राम धर्मपुर थाना भगतपुर मुरादाबाद, 2-नजारूल पुत्र कलवे हसन निवासी ग्राम धर्मपुर थाना भगतपुर मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।